आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 30.04.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार थमा, एक जून को होगा मतदान।
- मध्यप्रदेष विधानसभा के मानसून सत्र की एक जुलाई से होगी शुरूआत।
- प्रदेष के सभी निजी विद्यालयों को 8 जून तक स्कूल फीस और अन्य विषयों पर जानकारी अपलोड करने के दिये निर्देष।
- समय से एक दिन पहले केरल पहुॅंचा मानसून, प्रदेष में भीषण गर्मी से जल्द मिलेगी राहत।

---

**चुनाव प्रचार**

लोकसभा चुनाव के लिए पिछले दो महिने से अधिक समय से जारी चुनाव प्रचार का शोर आज थम गया है। एक जून को सातवें और अंतिम चरण का मतदान होगा। इसके पहले आज प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दल प्रचार में जुटे रहे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के होशियारपुर में जनसभा को संबोधित किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आनंदपुर साहिब के नांगल में चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंजाब एवं उत्तरप्रदेश में चुनाव प्रचार किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज ओडिषा के बालेश्वर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिमुलिया में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भी विभिन्न जिलों में रोड शो किया। बिहार में राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी, मीसा भारत ने पार्टी के लिए चुनाव प्रचार किया।

**मतगणना तैयारियां**

प्रदेश में चार जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियों और प्रशिक्षण कार्यक्रम अब अंतिम चरण में हैं। ग्वालियर जिले में मतों की गिनती के लिए मतगणना दलों को द्वितीय प्रशिक्षण आज दिया गया। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना के लिये तैनात किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को जीवाजी विश्व विद्यालय में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। नीमच में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश जैन ने आज मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। धार–महू लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए धार के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मतगणना की जाएगी। मतगणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न और सुचारू रूप से संपन्न हो इसको लेकर आज धार में मतगणना कर्मियों को अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। खरगोन–बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के मतों की गणना पीजी कॉलेज खरगोन में की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रतिदिन स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का निरीक्षण किया जा रहा है।

**विधानसभा सत्र**

लोकसभा चुनाव के बाद मध्यप्रदेष विधानसभा का मानसून सत्र एक जुलाई से शुरू होगा। इसके लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह सत्र 19 जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल 14 बैठकें होंगी। सत्र में प्रष्नकाल और अन्य विधायी कार्य सम्पन्न किये जायेंगे।

**खनन कार्रवाई**

प्रदेश में अवैध खनिज खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी है। शाजापुर मे निछमा स्थित कालीसिंध नदी में रेत का अवैध खनन की सूचना पर खनिज विभाग व प्रशासन के अधिकारियों ने कल देर शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 ट्रेक्टर–ट्रालियों को जब्त किया है। जिन्हें सुनेरा थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज अधिकारी आरिफ खान ने बताया कि कहीं भी अवैध खनन नहीं करने दिया जाएगा और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। विदिशा कलेक्टर द्वारा जिले में कहीं भी अवैध खनिज का उत्खनन, परिवहन व भण्डारण न हो कि सघन जांच पड़ताल करने के निर्देश राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए है। जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत ने बताया कि राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के संयुक्त प्रयासो से अवैध खनिज परिवहन करने वाले पांच वाहनो को जप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में रखा गया है।

## निजी विश्वविद्यालय

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे स्कूल फीस तथा अन्य विषयों की जानकारी पोर्टल पर 8 जून तक अपलोड कर दें। शासन द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर निजी स्कूलों में अनियमितताओं को चिन्हांकित करने के निर्देश दिये गये हैं। इनमें कहा गया है कि कतिपय विद्यालयों द्वारा फर्जी व डुप्लीकेट ISBN पाठ्य-पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। अभियान में अनियमितताएँ होने पर संबंधित प्रकाशक एवं बुक सेलर्स के विरुद्ध नियमानुरूप कार्यवाही भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में निजी विद्यालयों द्वारा फीस में वृद्धि एवं इसके संग्रहण तथा इससे जुड़े अन्य विषयों को रेगुलेट करने के लिये म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2017 बनाया गया है। इसके तहत राज्य सरकार निजी विद्यालयों की फीस व अन्य विषयों पर निर्णय लेकर फीस विनियमन कर सकेगी।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा शुरू किए गए प्रथम हिन्दी समाचार पत्र "उदन्ड मार्तण्ड" के प्रकाशन से प्रारम्भ हुई। यह दिन सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है। उदन्त मार्तण्ड का हिन्दी प्रकाशन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ। समाचार पत्र से भारत में पत्रकारिता के एक नए युग की शुरुआत हुई और बाद में समाज और संस्कृति पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। इससे पत्रकारिता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ी और नागरिकों को सही जानकारी प्रदान करने में हिंदी समाचार पत्रों का महत्व बढ़ा।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

कल 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सीहोर  जिला कलेक्टर प्रवीण सिंह ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर मद्यपान तथा मादक पदार्थ, नशीली दवाइयां, शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज एवं युवाओं को अवगत कराने तथा नशा मुक्ति के लिये जिले में अनेक गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज, युवाओं एवं बच्चों को तम्बाकू से बने उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाना एवं जनजागृति लाना हैं।

## मॉनसून केरल

भीषण गर्मी के बीच राहत भरी खबर है कि मौसम विभाग ने केरल में मॉनसून के आगमन की पुष्टि कर दी है। मानसून अनुमान से एक दिन पहले ही केरल पहुंच गया है। राज्य में पिछले कुछ दिनों से मॉनसून पूर्व की भारी बारिश हो रही है। केरल के सभी 14 जिले अलर्ट पर हैं। इस बीच प्रदेश में आज भी भीषण गर्मी का दौर जारी है। लेकिन आने वाले दो तीन दिनों में इससे राहत मिलती दिखाई देगी। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि आज से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के भी उत्तर भारत की तरफ बढ़ने के आसार हैं। इससे हवाओं का रुख बदलने से तापमान में कुछ गिरावट होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कल के लिए 14 जिलों में लू का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिनमें राजगढ़, भिंड मुरैना शामिल है , वहीं रीवा और मउगंज में हल्की वर्षा के लिए ऑरेंज अलर्ट है। इसके अलावा 15 जिलों में हल्की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :—**

- जम्मू जिले के अखनूर में तुंगी मोड़ इलाके में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से 20 यात्रियों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।
- आगरमालवा जिले में मृदा परीक्षण जागरूकता अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में किसानों को मृदा परीक्षण से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई।
- पन्ना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वैन से 5 क्विंटल 38 किलो गांजाजप्त किया है।
- बैतूल जिला कलेक्टर ने पांच जून से 15 जून तक होने वाले नमामी गंगे परियोजना के तहत के तहत होने वाले विषेष अभियान के लिए विभिन्न दिषानिर्देष जारी किये हैं।

...................................